595. वीर विनोद का लेखक कौन था?

(a) सूर्यमल मिश्रण
(b) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा
(c) कविराज श्यामलदास
(d) केशरीसिंह बारहठ

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : 'वीर विनोद' के लेखक ''कविराज श्यामलदास'' थे। इस ग्रंथ में मेवाड़ सहित अन्य संबंधित रियासतों का वर्णन है। यह चार खण्डों में वर्णित है। इस ग्रन्थ के लेखन हेतु कविराज श्यामलदास को ब्रिटिश सरकार द्वारा 'कैसर-ए-हिन्द' की उपाधि प्रदान की गई थी।

596. राजस्थान के निम्नलिखित प्रजामंडलों पर विचार कीजिए–

1. किशनगढ़ 2. बाँसवाड़ा
3. जयपुर

इनकी स्थापना के अनुसार सही कालानुक्रम है–

(a) 3, 1, 2 (b) 1, 3, 2
(c) 2, 1, 3 (d) 1, 2, 3

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)
Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : राजस्थान के प्रजामंडलों की स्थापना का सही कालक्रम है– जयपुर प्रजामण्डल (1931 ई.), किशनगढ़ प्रजामण्डल (1939 ई.), बांसवाड़ा प्रजामण्डल (1943 ई.)

597. गुप्त सैन्य संगठन वीर भारत सभा की स्थापना की–

(a) गोपाल सिंह खरवा और केसरी सिंह बारहठ
(b) अमरसिंह और सरदार सिंह
(c) रामसिंह और खुशाल सिंह
(d) लाल हरदयाल और महावत खान

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : गुप्त सैन्य संगठन वीर भारत सभा की स्थापना 1910 ई. में गोपाल सिंह खरवा और केसरी सिंह बारहठ ने की थी।

598. ट्रेंच कमीशन संबंधित है–

(a) बेगू किसान आंदोलन
(b) अलवर किसान आंदोलन
(c) बिजौलिया किसान आंदोलन
(d) सीकर किसान आंदोलन

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018
Head Cleark Combined Exam-2018
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) : ट्रेंच कमीशन बेगू किसान आन्दोलन से सम्बन्धित आयोग था। बेगू किसान आन्दोलन की शुरूआत 1921 ई. में भीलवाड़ा के भेरु कुंड नामक स्थान में हुई थी। इस आंदोलन का नेतृत्व श्री रामनारायण चौधरी ने किया था। बेगू किसान आंदोलन धाकड़ जाति के किसानों द्वारा चलाया गया था।

599. किसान आन्दोलन व उसके प्रारम्भ होने के वर्ष की निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी सही है?

(a) मारवाड़ किसान आन्दोलन – 1920
(b) शेखावटी किसान आन्दोलन – 1927
(c) भरतपुर किसान आन्दोलन – 1938
(d) बेगूं किसान आन्दोलन – 1921

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (d) : बेगूं किसान आंदोलन का काल 1921-23 ई. तक रहा। इस किसान आंदोलन का नेतृत्व रामनारायण चौधरी ने किया था। बेगूं किसान आंदोलन में 1921 ई. में मेनाल किसान सभा और ठाकुर अनूप सिंह के मध्य हुए समझौते को वोल्शेविक समझौता कहा जाता है।

मारवाड़ किसान आंदोलन – 1923
शेखावटी किसान आंदोलन – 1921
भरतपुर किसान आंदोलन – 1932-35

600. ''मानगढ़ धाम'' जो राजस्थान का 'जलियांवाला बाग' नाम से प्रसिद्ध है कहाँ स्थित है?

(a) राजसमंद (b) बांसवाडा
(c) अलवर (d) बीकानेर

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018
Agriculture Superviser 2021

Ans. (b) : मानगढ़ धाम, राजस्थान के बांसवाड़ा जिले का एक पहाड़ी क्षेत्र है जो म.प्र. व गुजरात की सीमा पर स्थित है। इसे राजस्थान का जलियॉवाला बाग कहा जाता है, क्योंकि यही पर 17 नवम्बर 1913 को महान संत गोविंद गिरि के नेतृत्व में 1500 भीलों ने अंग्रेजों के विरूद्ध बलिदान दिया था।

601. मानगढ़ नरसंहार कब हुआ था?

(a) 13 अक्टूबर, 1913 (b) 17 नवंबर, 1913
(c) 21 जनवरी, 1914 (d) 23 मार्च, 1914

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

602. गोविन्दगिरी के नेतृत्व में भील आंदोलन को दबाने के लिए मानगढ़ का जनसंहार किस वर्ष हुआ था?

(a) 1908 (b) 1913
(c) 1910 (d) 1917

RPSC SI 14-09-2021
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

603. 'सीताराम साधु' राजस्थान के किस किसान आंदोलन से संबंधित हैं?

(a) शेखावटी आंदोलन
(b) हाड़ौती का किसान आंदोलन
(c) नीमूचाणा आंदोलन
(d) बिजौलिया आंदोलन

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : 'सीताराम साधु' राजस्थान के बिजौलिया किसान आंदोलन से सम्बन्धित थे। यह आंदोलन 1897-1941 तक चला। इसे भारत का पहला अहिंसात्मक किसान आंदोलन माना जाता है। यह आंदोलन धाकड़ किसानों द्वारा किया गया था। इस आंदोलन की शुरुआत 1897 में गिरधनपुरा गांव से हुई थी।